## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**माननीय प्रबन्ध परिषद की 57वीं (विशेष) बैठक दिनाँक 05 अक्टूबर, 2024 का कार्यवृत्त**

मानानीय प्रबन्ध परिषद की 57वीं (विशेष) बैठक दिनाँक 05 अक्टूबर, 2024 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् रही हैः–

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति — अध्यक्ष
2. श्री राजीव कुमार सिंह, मा0 विधायक — सदस्य
3. श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक — सदस्य
4. श्री टी0के0 शीबू, विशेष सचिव, — सदस्य
   कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
   (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)
5. डा0 सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। — सदस्य
6. डा0 सुधांशु सिंह, कृषि वैज्ञानिक
   (ऑनलाईन प्रतिभाग किया गया)
7. श्री देवव्रत त्यागी, प्रगतिशील कृषक — सदस्य
8. श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, — सदस्य
   मेरठ मण्डल, मेरठ।
   (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)
9. डा0 मोनिका सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ — सदस्य
   (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)
10. डा0 राजेन्द्र कुमार शर्मा, अपर निदेशक, पशुपालन, — सदस्य
    मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि)
11. श्री पंकज कुमार चतुर्वेदी, वित्त नियंत्रक — सचिव

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक, सदस्य सचिव द्वारा विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 57.1 : तकनीकी महाविद्यालय एवं कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय के पदों पर हुये साक्षात्कार के लिफाफे खोले जाने की अनुमति के संबंध में प्रस्ताव।**

उपरोक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक द्वारा कार्यसूची प्रस्तुत की गयी। उसके उपरांत माननीय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित विज्ञापन संख्या II/2023, III/2023 एवं IV/2023 में विज्ञापित तकनीकी महाविद्यालय एवं कटाई उपरान्त प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण महाविद्यालय के प्राध्यापक, सह प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक के पदों की चयन प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतीकरण मा0 सदस्यों के सम्मुख किया गया। साथ ही मा0 सदस्यों की चयन सम्बन्धी जिज्ञासाओं का भी उत्तर दिया गया। चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण (Step-I) का पालन करते हुए द्वितीय चरण (Step-II) हेतु गठित संवीक्षा समिति द्वारा सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार किये गये। सभी पदों के लिफाफे खोलने हेतु मा0 सदस्यों से अनुमति चाही गयी। प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के प्रतिनिधि के रूप में ऑनलाईन रूप में बैठक में प्रतिभाग करते हुए विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के अन्यंत्र सभी मा0 सदस्यों ने लिफाफे खोले जाने हेतु सहमति दी। विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ ने असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा निम्नलिखित बिन्दु रिकार्ड करने के लिए कहा गया हैः–

1. बैठक से 15 दिन पूर्व ही सदस्यों को एजेण्डा प्राप्त हो जाना चाहिए।
2. एजेण्डा नोट विस्तृत रूप में रखा जाये।
3. चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर क्यों किया गया? ए0पी0आई0 स्कोर का चयन में ध्यान नही रखा गया।

उपरोक्त बिन्दुओं पर मा0 कुलपति जी द्वारा यह कहा गया कि चूंकि एजेण्डा मा0 प्रबन्ध परिषद की 56वीं बैठक में सम्मिलित किया गया था तो सभी सदस्यों की जानकारी इस विषय के बारे में पहले से ही है। इस बारे में विस्तृत एजेण्डा मा0 सदस्यों की संज्ञान में रखा गया है तथा यह भी जानकारी दी गयी कि सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया माननीय राजभवन के दिशा–निर्देशों द्वारा अपनायी गयी है। जिसमें ए0पी0आई0 स्कोर/लिखित परीक्षा के अंक सिर्फ शार्ट–लिस्टिंग के लिए

--2--

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

होते है। उसके उपरान्त चयन सहायक प्राध्यापक हेतु टीचिंग स्किल टेस्ट तथा डॉमेन नॉलेज टेस्ट के आधार पर किया जाता है। अन्त में प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के प्रतिनिधि द्वारा व्यक्त की गयी असहमति के दृष्टिगत बैठक के अध्यक्ष/मा0 कुलपति जी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि माननीय राजभवन एवं शासन के दिशा–निर्देशों को संज्ञान लेते हुए प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिफाफे खोलने से सम्बन्धित महत्वपूर्ण एजेण्डे को मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में रखा जाना उपयुक्त होगा। जिसपर बैठक में उपस्थित सभी मा0 सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति ज़ी को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया एवं संदर्भित एजेण्डें को समयान्तर्गत नियमानुसार आगामी बैठक आयोजित कराते हुए लिफाफे खोलने की संस्तुति की गयी।

**(कार्यवाही: निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण/कुलसचिव)**

वित्त नियन्त्रक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

05/10/24

(पंकज कुमार चतुर्वेदी)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

पंकज कुमार चतुर्वेदी
वित्त नियन्त्रक
स०व०प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

05/10/24

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110